एक नजर में

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत जागरूगता रैली और मानव श्रृंखला बना कर दिया जागरूता का संदेश

देवास। उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजी राव पवार शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय की आई क्यू ए सी एवं प्राचार्य डॉ आर एस अनारे के मार्गदर्शन में के पी कालेज एवं विज्ञान महाविद्यालय देवास की एन सी सी इकाइयों एवं नाहर दरवाजा पुलिस थाना के सहयोग से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। एन सी सी अधिकारी कैप्टन संजय गाडगे द्वारा कैडेट्स एवं विद्यार्थियों को नशे की लत, नशे के दुष्परिणाम एवं इससे बचने के उपायों के विषय में जानकारी प्रदान की महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रतन सिंह अनारे द्वारा विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। पुलिस थाना नाहर दरवाजा टी आई आलोक सोनी द्वारा अपने संबोधन में विभिन्न प्रकार के ड्रग एडिक्शन एवं उनसे बचने के विषय में जानकारी दी गई। महाविद्यालय के एन सी सी कैडेट्स अन्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों पर नशामुक्ति रैली आयोजित की। साथ ही कैडेट्स द्वारा विभिन्न स्थानों पर नशामुक्ति संदेश पंपलेट्स का वितरण भी किया गया। रैली का समापन के पी कॉलेज में हुआ। इस जागरूकता कार्यक्रम में डॉ बी एस जाधव, डॉ आर के मराठा, डॉ सीमा सोनी, डॉ विद्या माहेश्वरी, डॉ जरीना ,डॉ सत्यम सोनी, नीरज जैन, डॉ भारती कियावत, डॉ रश्मि ठाकुर, डॉ प्रतिमा रायकवार, डॉ दीप्ति धवले, ,प्रो संदीप सिंह नागर डॉ अरुण कुशवंशी इत्यादि प्राध्यापकों, एन सी सी कैडेट के साथ भरी संख्या में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम आयोजन में विशेष सहयोग प्रो राकेश कोटिया, जितेंद्र सिंह राजपूत इको क्लब एवं पर्यटन क्लब प्रभारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन कैप्टन डॉ संजय गाडगे द्वारा किया गया आभार कैप्टन डॉ संजय सिंह बरौनिया ने माना।

जनजागरण कार्यक्रम पुलिस ने दिया नशा मुक्त समाज का संदेश

कांटाफोड़–मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार देवास पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत कांटाफोड़ थाना क्षेत्र में नशा मुक्ति पखवाड़े का शुभारंभ किया गया अभियान के पहले दिन स्कूली बच्चों के साथ नगर में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से नशे के खिलाफ जनजागरण का संदेश देते हुए आमजन से नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग की अपील की गई। विद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। इस दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां और नशा मुक्ति संबंधी संदेश लेकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों, युवाओं और नागरिकों से संवाद करते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा और सामाजिक जीवन पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। युवाओं को खेल, शिक्षा, कौशल विकास और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कांटाफोड़ थाना प्रभारी अभिषेक गौतम ने बताया कि अभियान के तहत 15 से 30 जुलाई तक नशा मुक्ति पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों, नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों और गणमान्य नागरिकों की सहभागिता से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर समाज में नशामुक्त वातावरण तैयार करना है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। संवाद, जागरूकता और जनसहभागिता से ही नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर थाना प्रभारी अभिषेक गौतम, उप निरीक्षक विनय बघेल, आरक्षक रामबीर सोलंकी, अशोक शर्मा, यतीश तिवारी, पुलिस विभाग का समस्त स्टाफ तथा विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बेहरी मे सब्जी बेचने वाली संतोषी बाई तक नहीं आ पाई भाजपा की अंत्योदय योजनाएं

बागली। भारतीय जनता पार्टी हर योजना के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा अंत्योदय सुरक्षा के साथ लागू की जाती है। जिसका उद्देश्य यह है समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सुविधा देना उसे आर्थिक रूप से मदद देकर मुख्य विचारधारा में लाना है। लेकिन ग्राम पंचायत बेहरी की रहने वाली संतोषी बाई हर प्रकार से लाडली बहना योजना की पात्र है। वह निर्धन होने के साथ-साथ लाडली बहन की सभी पात्रता रखती है ।फिर भी शासनके सिस्टम के आगे वह फेल हो गई आज भी सुबह जल्दी उठकर घर से निकलती है। और बागली सब्जी मंडी जाकर थोड़ी बहुत सब्जी खरीद कर माथे पर टोपला रखते हुए गली मोहल्ले में सब्जी बेचती है। जिससे उसके छोटे बच्चों का भरण पोषण करती है। संतोषी बाई ने बताया कि चुनाव के समय नेता और सचिव बी एर ओ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर आकर लाडली बहन योजना के फॉर्म भरवा रही थी ।तब भी उन्होंने आवेदन किया उसके बाद चार बार और आवेदन करने के बावजूद भी उन्हें लाडली बहन योजना की पात्रता नहीं मिली इस संबंध में सिस्टम से जुड़े सचिव एवं रोजगार सहायक का कहना है ।कि तकनीकी दृष्टि से उनका आवेदन पोर्टल पर स्वीकार नहीं हो रहा है।

नशा मुक्ति अभियान पर पुलिस विभाग ने भी किया फोकस

बागली। पूरे देश में अधिकतर अपराध नशे की लत या नशे की हालत में हो रहे हैं। इसलिए सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित पुलिस प्रशासन का भी दायित्व बढ़ता है कि वह दशा के विरोध में एक साथ खड़े हो इस अभियान में सामाजिक कार्यकर्ता मिडिया काफी सहयोग जरूरी है। उक्त बातें बागली एसडीओपी संजय सिंह बेस द्वारा दशा भक्ति अभियान के तहत दी गई इस दौरान असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मनोज शर्मा, शिवराम डोडियार, निरीक्षक सउद कुरेशी, उप निरीक्षक गेबियल इक्का, आरक्षक राजेश चोधरी, आरक्षक पुष्पेंद्र जाटव, आरक्षक अरुण चौहान , स्थानीय मिडिया से जुड़े लोग उपस्थित रहे एसडीओपी संजयसिंह बैस दारा नशा मुक्ति अभियान की जानकारी दी गयी। साथ ही बताया कि इस पर अंकुश कैसे लगाया जा सकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण चौधरी ने भी इस अवसर पर कहा कि समय समय पर सघन चेकिंग के साथ-साथ नशा बिकने वाले स्थान पर भी ध्यान दिया जाए वर्तमान में बागली नगर के गांधी कॉलोनी कॉलेज रोड जेल रोड बेहरी रोडमें इसका व्यापार जोर शोर से चल रहा है। आदिवासी अंचल क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर भी रोक लगाना होगी नवभारत प्रतिनिधि सुनिल योगी ने बताया की बागली के आसपास कुछ चिन्हित स्थान ऐसे हैं। जहां पर छोटी-छोटी गुमटीयो के सहारे नशा परोसा जा रहा है।

अवैध नशे के कारोबारी की सूचना थाने पर दी जाए

बागली कन्या शाला एवं थाने के आसपास ही और स्कूलों के आसपास पाउच गुटके धड़ले से बिक रहे हैं। इस मामले में पुलिस को सभी सहयोग करेंगे तब जाकर इस अभियान में सफलता मिलेगी शाम के समय चापडा बागली बेहरी जटाशंकर मार्ग पर नशे की हालत में युवा मोटरसाइकिल चलाते हुए आसानी से दिखाई देते हैं। नशे के साथ-साथ वाहनों की स्पीड पर भी लगाम लगाना आवश्यक है। एस डी ओ पी संजय सिंह बेसं ने हमारे संवाददाता को बताया कि जहां से भी शिकायत आएगी पुलिस बगैर नाम बताएं कार्रवाई करेगी इसलिए निडरता के साथ अवैध नशे के कारोबारी की सूचना थाने पर दी जाए।

नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो

भौंरासा। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक सम्पूर्ण प्रदेश में वृहद स्तर पर नशा मुक्ति अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज भौरासा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात), सोनकच्छ एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी श्रीमती अनीता सिंह द्वारा नगर में इस जनहितकारी अभियान की प्रभावी शुरुआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करना, युवाओं को रचनात्मक दिशा में प्रेरित करना, तथा जन-सामान्य में नशा विरोधी सोच विकसित करना है। भौंरासा पुलिस ने इस अभियान को एक जनांदोलन के रूप में स्वरूप प्रदान करने का संकल्प लिया है।

ओशो गुरूपूर्णिमा पर सात दिवसीय नो माईंड थेरेपी

देवास। स्वामी योगेन्द्र भारती एवं नवीन सोलंकी ने बताया कि सद्गुरू ओशो के प्रति अपने प्रेम को अभिव्यक्त कर ध्यान, संगीत, नृत्य, मौन से परिपूर्ण ये सात दिवस जीवन में नई उर्जा आंतरिक शांति, गहरी जागरूकता का संचार करेंगे। यह सात दिवसीय नो माईंड थेरेपी का प्रयोग रहस्यदर्शी एवं वैज्ञानिकों के विशिष्ठ समूहों के द्वारा सद्गुरू ओशो के मार्गदर्शन में तैयार की गई है। इस विशिष्ठ थेरेपी प्रयोग का संचालन मां राधा गाडरवाड़ा (ओशो के गांव से)एवं स्वामी बोधि निजेन के दिव्य संचालन में इंदौर उज्जैन रोड स्थित तक्षशिला स्कूल के पीछे ओशो महाकाल धाम आश्रम में 28 जुलाई शाम 6 बजे से 4 अगस्त को समापन होगा। इस हेतु स्वामी बोधि सागर (हिमांशु), मां दिव्याम कांता, मां प्रेम वर्षा, स्वामी हर्षद नागर, मां प्रेम अंजु, मां रेणुका ने सहभागिता के लिए आग्रह किया।

आज भी गांवो में कांकड़ रेखा सुरक्षित करने का प्रचलन है

बागली। वर्ष में एक बार गुप्त नवरात्रि के अवसर पर बागली क्षेत्र के आसपास कई गांवो में गांव की काकड़ सुरक्षित करने का उपाय प्रचलित है इस दौरान गांव के पटेल या प्रतिष्ठित व्यक्ति शराब की धार या अन्य टोटके साधन से गांव को सुरक्षित करते हैं। इसी प्रचलन में ग्राम किशनगढ़ में सुख समृद्धि एवं निरोग के लिए गांव के पटेल पवन सिंह पवार द्वारा किशनगढ़ गांव में अग्नि ज्वाला से गांव के आसपास रेखा को बांधा गया। ग्रामीण भीम सिंह सोलंकी ने बताया कि ऐसा करने से गांव में कोई भी अनहोनी रही होती और सभी का स्वास्थ्य भी ठीक रहता है यह परंपरा कई वर्षों से जारी है पटेल परिवार के सदस्य गांव की काकड़ सीमा के आसपास स्वयं चलकर ज्वाला रेखा बांधते हैं।

मूंग खरीदी सहित छह सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों का ज्ञापन

कांटाफोड़ -राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं कृषि मंत्री के नाम तहसीलदार सतवास को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर किसानों की लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का समय पर निराकरण नहीं हुआ तो प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा।

प्रदेश महामंत्री घनश्याम पटेल ने कहा कि सरकार ग्रीष्मकालीन मूंग की 100 प्रतिशत उपज समर्थन मूल्य पर खरीदे। वर्तमान व्यवस्था में किसानों को अपनी उपज कम दाम पर बेचनी पड़ रही है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। जिला उपाध्यक्ष ओम सारण ने प्रदेश के किसानों की एकमुश्त कर्जमाफी और प्रत्येक किसान को घोषित सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध

कराने की मांग की। वहीं तहसील अध्यक्ष पवन पटेल ने खाद वितरण व्यवस्था में सुधार करते हुए किसानों को समय पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग उठाई। ज्ञापन में दूध उत्पादकों को प्रति फैट 12 रुपये मूल्य, प्रति लीटर 5 रुपये प्रोत्साहन राशि का भुगतान तथा वर्षों से लंबित हॉटपीपलिया माइक्रो वॉयर सिंचाई परियोजना को शीघ्र शुरू करने की मांग भी की गई। तहसील सर्वेक्षक जगदीश गोदारा ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश महामंत्री घनश्यामजी पटेल, जिला उपाध्यक्ष ओम सारण, तहसील अध्यक्ष पवन पटेल, तहसील सर्वेक्षक जगदीश गोदारा उपस्थित रहे।

सिविल अस्पताल कन्नौद में हुआ दस्तक अभियान का शुभारंभ

कन्नौद- सिविल अस्पताल कन्नौद में दस्तक अभियान का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष जाट ,नगर पंचायत उपाध्यक्ष संदीप धूत एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश जोशी के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया ।बीएमओ डॉ लोकेश मीणा ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 0 से 5 वर्ष के बच्चों में होने वाली बीमारियों और बाल मृत्यु दर को कम करने के लिए दिनांक 14 जुलाई से 31 अगस्त तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण चलेगा ।दस्तक दल जिसमें एएनएम ,आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

प्रत्येक गांव में निर्धारित दिवस में घर-घर जाकर स्वास्थ्य की दस्तक देंगे ।इस दौरान दल के द्वारा कुपोषण, डायरिया, निमोनिया की जांच और अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित बच्चों की जांच की जाएगी ।दल के द्वारा घर पर प्रत्येक बच्चे को दो दो ओआरएस के पैकेट तथा 14 जिंक की गोली का वितरण किया जाएगा द्य दस्त रोग से पीड़ित बच्चों का प्रोटोकॉल अनुसार उपचार व रेफरल सेवा दी जावेगी द्य 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की तथा 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आयरन फोलिक एसिड की दवा पिलाई जाएगी ।गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों को रेफर किया जाएगा और शेष बच्चों का समुदाय स्तर पर इलाज एवं प्रबंधन किया जावेगा।

समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की मांग

देवास। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा प्रदेश में ताला डालो घेरा डालो आंदोलन के तहत समर्थन मूल्य पर शतप्रतिशत खरीदी के लिए मंडी गेट बंद कर जिलाध्यक्ष गगनसिंह पटेल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम मंडी सचिव आनंद कुमार परिहार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि म.प्र. सरकार द्वारा समर्थन मूल्य खरीदी वर्ष 2026-27 मूंग खरीदी 25 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जो प्रदेश के मूंग उत्पादक किसानों के साथ बहुत बड़ा धोखा है।

न्यायाधीश ने स्कूली बच्चों को सायबर व अन्य जरूरी जानकारी दी

सोनकच्छ। प्रथम जिला न्यायाधीश राघवेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में न्यायाधीश परिधि गुप्ता द्वारा शासकीय हाई स्कूल, ग्राम फावड़ा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार, बच्चों के संरक्षण से जुडे कानून, संविधान के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, गुडटच-बेडटच आदि विषयों पर जानकारी दी। नाबालिगों के खिलाफ हो रहें अपराधों और उनसे बचने के उपायों की जानकारी दी।

मिर्ची का तड़का, खजूर का ब्रेक फिर भी भाग निकले लकड़ी माफिया

लोहारदा। तड़के मिली गुप्त सूचना पर वन विभाग की टीम ने लकड़ी से भरे एक संदिग्ध वाहन का पीछा शुरू किया। लेकिन लकड़ी माफिया भी पूरी तैयारी के साथ निकले थे। जंगल से शुरू हुई यह पीछा-दौड़ देखते ही देखते लोहरदा की सड़कों तक पहुंच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार वाहन मंडी रोड पर नियंत्रण खो बैठा और खजूर के पेड़ से जा टकराया। लगा कि अब माफिया पकड़े जाएंगे, लेकिन कहानी में असली मिर्ची तो अभी बाकी थी।

वाहन से उतरते ही आरोपियों ने वन अमले की ओर मिर्च पाउडर फेंक दिया। और अफरा-तफरी का फायदा उठाकर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। हालांकि वे लकड़ी से भरा अपना वाहन वहीं छोड़ गए।

वन विभाग ने वाहन और उसमें भरी लकड़ी को जब्त कर अभिरक्षा में ले लिया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

इलाके में चर्चा रही कि इस बार लकड़ी माफिया ने फिल्मी अंदाज में भागने के लिए 'मिर्ची प्लान' अपनाया, लेकिन वाहन छोड़ जाने से उनका पूरा खेल उल्टा पड़ गया। अब देखना होगा कि वन विभाग इस मामले में आरोपियों तक कितनी जल्दी पहुंच पाता है।

मध्य प्रदेश अंडर-11 राज्य स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप 18-19 जुलाई को देवास में

देवास। देवास जिला शतरंज एसोसिएशन द्वारा एम.पी. चेस एड-हॉक कमेटी के तत्वावधान में मध्य प्रदेश अंडर-11 राज्य स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप-2026 (ओपन एवं गर्ल्स) का आयोजन 18 एवं 19 जुलाई 2026 को किंडर हायर सेकेंडरी स्कूल, जेल रोड, मीठा तालाब रोड, वृद्धा आश्रम के पास, आदर्श नगर, देवास में किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि यह प्रतियोगिता मध्य प्रदेश के अंडर-11 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन मध्य प्रदेश टीम के लिए किया जाएगा।

नगर कांग्रेस ने किया युवा अधिकार यात्रा का स्वागत

कांटाफोड़ - प्रदेश में युवाओं के रोजगार, शिक्षा और भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही युवा स्वाभिमान साइक्लोथॉन एवं युवा अधिकार यात्रा का सोनकच्छ पहुंचने पर पीसीसी सदस्य मनोज होलानी के नेतृत्व में कांटाफोड़-खातेगांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर युवाओं के अधिकारों के समर्थन में एकजुटता दिखाई।

इस अवसर पर मनोज होलानी ने कहा कि प्रदेश का युवा आज रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर भविष्य जैसे मुद्दों पर जवाब चाहता है। कांग्रेस इन सवालों को केवल मंचों तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से उठाएगी। उन्होंने कहा कि त्रद्वद्ब- युवा स्वाभिमान साइक्लोथॉन

मजबूत करने का संकल्प लिया

यात्रा के स्वागत अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जीतू पटवारी का पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया तथा युवाओं के हितों के लिए चलाए जा रहे अभियान का समर्थन किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष गुरमीत भाटिया, रमेश यादव, ललित सोनी, लाला पटेल, सौरभ माल्या, कपिल लाठी, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान, अकरम खान, अजय गुर्जर सहित कांटाफोड़-खातेगांव विधानसभा क्षेत्र के अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान युवाओं के अधिकारों और उनके सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष को और मजबूत करने का संकल्प भी लिया गया।

केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं, ह्रश्वश्वञ्ज अभ्यर्थियों, ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम से प्रभावित विद्यार्थियों और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे युवाओं की आवाज है।

नशे से दूरी, हे जरूरी ..के नारों से गूंज उठा सतवास

सतवास - पुलिस थाना सतवास के द्वारा, जिला पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद के मार्गदर्शन में , थाना प्रभारी सतवास दिलीप कुमार पुरी के नेतृत्व में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नशे से दूरी बहुत जरूरी के नारों से सतवास नगर गूंज उठा। इस रैली में नगर के नागरिक, पत्रकार और सांदीपनि शा. उ. मा. वि. सतवास के छात्र-छात्रा, महविद्यालय के छात्र - छात्रा और शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओ , नगर परिषद के लोग भी उपस्थित थे । रैली एवं कार्यक्रम का संचालन स्काउट शिक्षक मनोज दुबे ने किया ।

एक नजर | राष्ट्रीय अध्यक्ष सपना भरोसिया की उपस्थिति में माटी पूजन, भंडारा और वृक्षारोपण का हुआ आयोजन

भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी संगठन का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से संपन्न

देवास। भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी संगठन का स्थापना दिवस समारोह राष्ट्रीय अध्यक्ष सपना भरोसिया की गरिमामयी उपस्थिति में श्रद्धा, उत्साह और संगठनात्मक एकता के साथ भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माटी पूजन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों, किसान भाइयों एवं सैनिक भाइयों ने राष्ट्रहित, किसान हित तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए कई

महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की गई। मनोज यादव को प्रदेश अध्यक्ष, निशा पंडित को जिला प्रमुख, निक्की निगम को तहसील अध्यक्ष तथा संगीता सांगवी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके अलावा झाबुआ जिले के जिला अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष सपना भरोसिया ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन किसानों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

किसान हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी पदाधिकारी संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मनोज यादव प्रदेश अध्यक्ष ,पप्पू भाई झाबुआ जिला अध्यक्ष, यतीश गहलोत झाबुआ जिला उपाध्यक्ष, सोनू सोलंकी पेटलावद तहसील अध्यक्ष, ईश्वर भाई थांदला तहसील अध्यक्ष, हीरामणि शर्मा, संगीता लोधी, उज्जवला व्यास, हर्षा तिवारी, माधुरी जाधव, चेतन जैन जिला अध्यक्ष ,संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान, सैनिक भाई तथा महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने संगठन की एकता और किसान हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह के समापन पर सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के लिए सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण भी किया गया। इसी के साथ भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी संगठन का स्थापना दिवस समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।